# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (14.05.2025)

### DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:14.05.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय ने जारी हुई एलएलएम का आंसर की, छात्र-छात्राएं कर रहे थे इंतजार

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने रविवार को हुए एलएलएम प्रवेश परीक्षा का आंसर की मंगलवार को जारी कर दिया। परीक्षा के बाद से ही परीक्षार्थी सही उत्तर का मिलान करने के लिए इसका इंतजार कर रहे थे। परीक्षा के दिन ही शाम में इसे अपलोड किया जाना था लेकिन छुट्टी के कारण ऐसा नहीं हो सका था। एलएलएम कोर्स में 40 सीटों पर नामांकन के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में 115 विद्यार्थी शामिल हुए।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 14.05.2025,PAGE-06


# बीआरएबीयू में बनेंगे तीन पवेलियन निर्माण की शुरुआत भी जल्द होगी

- वीसी सचिवालय का भी होगा निर्माण, टीम ने निरीक्षण कर स्थल का किया चयन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन पवेलयर बनाया जाएगा. पीजी-थ्री छात्रावास के सामने खाली पड़ी भूमि पर पवेलियन का निर्माण होगा. बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम इन निर्माण कार्यों को पूरा कराएगी. इसकी योजना तैयार कर ली गई है. कुलपति आवास परिसर में ही वीसी सचिवालय भी बनेगा. यह भवन जी प्लस वन होगा. निचले तल पर सेमिनार हॉल बनाया जाएगा. इससे सटा एक प्रतीक्षालय होगा. ऊपरी तल पर कुलपति कार्यालय बनेगा. इसमें लिफ्ट भी लगेगी. पवेलियन निर्माण से खेलकूद की गतिविधियां बढ़ेंगी. मैदान में चाहरदीवारी भी बनाई जाएगी. पीजी महिला छात्रावास में में खेलकूद के लिए रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन और वॉलीबाल कोर्ट बनेगा. इन निर्माण कार्यों पर कुल 2.61 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है. विश्वविद्यालय के आवासीय क्वार्टर में पोखर के बगल में मंदिर के आसपास खाली जगह का सौंदर्यीकरण किया जाएगा. लाइब्रेरी के डिजिटलाइजेशन व कंप्यूटर समेत अन्य उपकरण और सॉफ्टवेयर की खरीदारी पर छह करोड़ खर्च किए जाएंगे. पीजी विभागों के शिक्षकों को एक-एक कंप्यूटर दिया जाना है. विकास पदाधिकारी डॉ जितेश पति त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है.

- खबर प्रभात खबर की वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर ले .

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR DATE:14.05.2025 PAGE-06

# सीबीसीएस व्यवस्थित करने के लिए गठित करें समितियां

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के भौतिकी विभाग में एनइपी-2020 के तहत चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गयी. इसमें अकादमिक परिषद व सिंडिकेट के नये सदस्यों ने भाग लिया. यहां कोर्स की संरचना से लेकर छात्रों के समग्र विकास तक विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी. डॉ राजेश कुमार ने कोर्स व संरचना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए दो महीने पर अकादमिक चर्चा आयोजित करने का सुझाव दिया. डॉ साकेत चौधरी ने क्षमता संवर्धन कोर्स के महत्त्व पर प्रकाश डाला.



प्रो. प्रमोद कुमार

**कौशल विकास पर ज्यादा जोर** : कहा कि चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए विभागवार समितियों के गठन की आवश्यकता है. अकादमिक परिषद के सदस्य डॉ सौरभ राज ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए अकादमिक परिषद की भूमिका को अहम बताया. प्रो प्रमोद कुमार ने सीबीसीएस की संरचना व इसके महत्त्व पर विस्तार डाला. उन्होंने कौशल विकास व छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत बतायी. सीनेट सदस्य टुनटुन ने कहा कि यदि विवि के अधिकारियों को पहले स्पष्ट जानकारी दी जाये और उन्हें प्रशिक्षित किया जाये तो कार्यान्वयन प्रक्रिया और भी बेहतर हो सकती है. डॉ रमेश गुप्ता ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की ग्रेडिंग प्रक्रिया की आलोचना की.

**प्रणाली दुरुस्त करने की जरूरत** :भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो संगीता सिन्हा ने विवि की कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त की. कहा कि विभागाध्यक्षों को पीएचडी वाइवा जैसी महत्त्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में सूचित तक नहीं किया जाता है. इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो संजय कुमार ने भविष्य में कॉलेजों व संकायों की सीमाओं के समाप्त होने की संभावना जतायी. कहा कि भविष्य में डिग्री मॉड्यूल व क्रेडिट बैंक के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से अर्जित क्रेडिट के आधार पर प्रदान की जायेगी.

## एलएलएम : प्रवेश परीक्षा का आंसर की हुआ जारी

**मुजफ्फरपुर.** एलएलएम मे नामांकन के लिए ली गयी प्रवेश परीक्षा का आंसर की जारी कर दिया गया है . 11 मई को ओएमआर शीट पर यह प्रवेश परीक्षा ली गयी थी . 40 सीटों पर दाखिले के लिए यह परीक्षा हुई थी . इसमे 115 अभ्यर्थी शामिल हुए थे . विवि की ओर से कहा गया है कि अभ्यर्थी अपने आंसर की से उत्तर का मिलान कर लें .